
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 04 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 262 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

घोडबंदर रोड का ट्रैफिक कम करने के लिए ठाणे- बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट का काम शुरू



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# डिप्टी CM शिंदे ने किया ऐलान

## महाराष्ट्र में मिल श्रमिकों के लिए बनेंगे 1 लाख घर...

**मुंबई: महाराष्ट्र में नई महायुति की सरकार के गठन के बाद मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का काम करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक हुई इसमें कई अहम फैसले लिए गए। इधर उपमुख्यमंत्री एवं गृहनिर्माण विभाग का पदभार संभालने के बाद उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहली ही बैठक में धमाकेदार काम शुरू कर दिया है। पहली बैठक में उन्होंने गृहनिर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली।**



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों से पर्यावरण अनुकूल आवास, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास नीति, किफायती किराये के आवास और सबसे महत्वपूर्ण गरीब श्रमिकों को एक लाख आवास उपलब्ध कराने की योजना पर चर्चा की। बैठक में मिल श्रमिकों के लिए एक लाख घर बनाने का लक्ष्य तय किया गया।

**आवास नीति के संबंध में दिया प्रेजेंटेशन**

गृहनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को एकनाथ शिंदे के समक्ष आवास नीति के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान किफायती पर्यावरण-अनुकूल आवास नीति को बढ़ावा देने, नीति में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास को शामिल करने, किफायती किराये के आवास योजना शुरू करने और मिल श्रमिकों के लिए 1 लाख घरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करने जैसे मुद्दों पर डीसीएम शिंदे ने अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें उस दिशा में काम करने का निर्देश दिया। इन सभी बिंदुओं पर अगले महीने एक विस्तृत नीति तैयार की जाएगी और महाराष्ट्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास नीति लागू करने वाला पहला राज्य होगा।

**दो निविदा मिली**

मंत्री शिंदे ने कहा कि श्रमिकों के लिए एक लाख घर बनाने के लिए दो निविदाएं प्राप्त हुई हैं। जिन पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने महाराष्ट्र के अपने पैतृक गांवों में चले गए मिल श्रमिकों को वहीं घर दिए जाने की संभावनाओं की भी जांच करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 के बाद आवास नीति नहीं बनी, अब बन रही है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों और मिल श्रमिकों को बड़ी राहत देने की कोशिश की गई है।

## सरपंच संतोष देशमुख मर्डर केस...

# 'जांच में सामने आई डिटेल्स का हो खुलासा...' उद्धव गुट की मांग !



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बीड में सरपंच संतोष देशमुख मर्डर केस को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने बड़ी मांग की है. उन्होंने शुक्रवार (03 जनवरी) को कहा कि महाराष्ट्र सीआईडी को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच में सामने आई डिटेल्स का खुलासा करना चाहिए. रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने दोहराया कि हत्या के मामले और संबंधित जबरन वसूली मामले, जिसमें एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया है, दोनों में मुकदमा बीड जिले के बाहर चलाया जाना चाहिए.

**तीन आरोपी अभी भी लापता हैं- अंबादास दानवे**

सरपंच संतोष देशमुख मर्डर केस में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास ने कहा, ''तीन आरोपी अभी भी लापता हैं, उनके बारे में क्या? मुझे जानकारी है कि गिरफ्तार आरोपियों ने फरार लोगों से संपर्क किया होगा. सीआईडी को जांच के दौरान सामने आई डिटेल्स का खुलासा करना चाहिए. तथ्य तभी सामने आएंगे जब तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

उन्होंने मांग करते हुए कहा, ''हत्या और उससे जुड़े जबरन वसूली मामले की सुनवाई बीड के बाहर की जाए. मामले की जांच कर रहे ज्यादातर अधिकारी बीड से हैं और उनके राजनीतिक संबंध हैं. कराड उस इलाके में था जहां शुरूआत में पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कर रही थी. इसलिए मेरी मांग है कि यह सुनवाई बीड से बाहर हो.'' उधर, कराड का दावा है कि उनका इन सब से कोई लेना-देना नहीं है. हालांकि, गिरफ्तार आरोपियों ने दावा किया है कि जबरन वसूली के बारे में (कंपनी और कराड के बीच) संचार हुआ था.

**9 दिसंबर को सरपंच संतोष देशमुख की हुई थी हत्या**

बीड जिले की केज तहसील के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को कथित तौर पर एक पवनचक्की कंपनी से पैसे मांगने वाले कुछ लोगों द्वारा जबरन वसूली का विरोध करने पर अपहरण कर लिया गया और बेरहमी से हत्या कर दी गई. कराड ने हत्याकांड के 22 दिन बाद 31 दिसंबर को पुणे में सीआईडी दफ्तर जाकर आत्मसमर्पण किया था.

## रायगढ़-मुंबई गोवा हाईवे पर भीषण हादसा, 4 लोगों की मौत, 2 घायल



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के रायगढ़-मुंबई गोवा हाईवे पर शुक्रवार (3 जनवरी) को भीषण हादसा हो गया. इस एक्सीडेंट में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए. जानकारी के मुताबिक ये हादसा मुंबई गोवा हाईवे पर वीर रेलवे स्टेशन के पास हुआ, जहां एक टोइंग वैन स्कॉर्पियो टकरा गई. जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए महाड ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

जैसे ही स्कॉर्पियो में डीजल खत्म हुआ, ड्राइवर ने स्कॉर्पियो को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और तेज गति से चिपलून से पनवेल की ओर जा रही टोइंग वैन ने स्कॉर्पियों को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे की जानकारी मिलते ही महाड तालुका पुलिस मौके पर पहुंच गई और इस मामले में टोइंग वैन के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है और हादसे की आगे की जांच की जा रही है.

# मुंबई : सानपाड़ा में हुई गोलीबारी

## 5-6 राउंड की फायरिंग, एक व्यक्ति घायल...



**मुंबई:** मुंबई के सानपाड़ा इलाके में गोलीबारी की घटना की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। यह गोलीबारी नवी मुंबई के सानपाड़ा के डी मार्ट परिसर में हुई। अज्ञात आरोपी ने पांच से छह राउंड फायरिंग की। गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने की भी खबर है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आगे की जांच जारी है। नए साल की शुरूआत में ही नवी मुंबई में अपराध की बड़ी घटना सामने आई हैं। जहां सानपाड़ा इलाके में गोलीबारी के चौंकाने वाली खबर सामने आई है। आज सुबह डी मार्ट परिसर में एक अज्ञात व्यक्ति ने फायरिंग की है और व्यक्ति फायरिंग कर भाग गया है।

आरोपी ने पांच से छह राउंड फायरिंग की और फिर तुरंत ही घटनास्थल से फरार हो गया। शुरूआती जानकारी मिली है कि इस फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, वह मौके पर पहुंच गई और आरोपी की तलाश में जुट गई है। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है। यह व्यक्ति कौन था, उसने फायरिंग क्यों की, उसके पास पिस्तौल कहां से आई, इसकी जांच पुलिस ने तुरंत शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दो आरोपियों ने फायरिंग की है और फायरिंग करने के बाद बाइक में सवार होकर भाग गए है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। नवी मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित काले के मुताबिक, सानपाड़ा इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग की। उन्होंने बताया, ''सुबह करीब साढ़े नौ बजे सानपाड़ा इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गया। उसकी हालत स्थिर है। मामले की आगे जांच की जा रही है।''

## एयरपोर्ट पर 4.84 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी के आरोप में दो एयरपोर्ट कर्मचारियों समेत चार गिरफ्तार

**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 4.84 करोड़ रुपये के छह किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में ड्यूटी-फ्री शॉप में कार्यरत दो एयरपोर्ट कर्मचारियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के दो कर्मचारी अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट टर्मिनल से छोटे-छोटे बैचों में सोना निकालकर एयरपोर्ट के बाहर पहुंचाकर तस्करी में शामिल थे। उन्होंने कहा, ''डीआरआई अधिकारियों को एयरपोर्ट कर्मचारियों से जुड़े एक सोने की तस्करी सिंडिकेट के बारे में विशेष जानकारी मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने उन पर निगरानी शुरू कर दी।''

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### अफगानिस्तान से त्रस्त पाकिस्तान...

अफगानिस्तान-पाकिस्तान की सीमा पर इन दिनों फिर से तनाव पसरा हुआ है। सीमा पर हो रही हिंसक झड़पों में दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। ये झड़पें तब शुरू हुईं जब पिछले हफ्ते पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के भीतर हवाई हमले किए। तालिबान का कहना है कि इन हवाई हमलों में 46 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पाकिस्तान में आतंकी हमले करने वाले तहरीक ए तालिबान यानी टीटीपी को शह दे रही है और यह संगठन वहीं से पाकिस्तान में अपनी गतिविधियां संचालित करता है। पाकिस्तान का दावा है कि इन हमलों में उसने टीटीपी के ठिकानों को ही निशाना बनाया है। उसने यह भी कहा कि तालिबान सरकार से कई बार टीटीपी के आतंकी कैंपों पर कार्रवाई के अनुरोध पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया और अंततः खुद पाकिस्तानी सेना को ही कार्रवाई करनी पड़ी और ये हमले किए गए।

यह पाकिस्तान का ही सपना था कि एक दिन अफगानिस्तान में तालिबान का शासन आए और इसके लिए उसने हर चाल चली। यहां तक कि अमेरिका को भी लगभग दो दशकों तक धोखा दिया। अब काबुल में तालिबान सरकार है तो पाकिस्तान की उससे बन नहीं रही है, क्योंकि तालिबानी नेता पाकिस्तान के इशारों पर नाचने को तैयार नहीं हैं। पाकिस्तानी रणनीतिकारों ने अफगानिस्तान की राजनीति को समझने में एक मूलभूत गलती की। पाकिस्तान के निर्माण के बाद से अफगानिस्तान में राजशाही, सोवियत समर्थित कम्युनिस्ट सरकारें और तालिबान की इस्लामिक सरकारें रही हैं, लेकिन किसी ने भी अंग्रेजों द्वारा खींची गई डूरंड रेखा को मान्यता नहीं दी। डूरंड रेखा ही वर्तमान पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा है। इसे मान्यता न देने के पीछे कारण यह है कि यह रेखा पश्तून (पख्तून) इलाकों को दो हिस्सों में बांटती है, जिसके चलते चार करोड़ पश्तूनों को पाकिस्तान के शासन में रहना पड़ रहा है। जबकि वे स्वाभाविक रूप से अफगानिस्तान से जुड़ाव महसूस करते हैं। इस कबीलाई भावना को दबाने के लिए ही पाकिस्तान ने इस्लामिक कट्टरवाद को हवा दी। अपने कब्जे वाले पश्तून इलाकों में सैंकड़ों मदरसे स्थापित कर पाकिस्तानी फौज ने ही तालिबान को खड़ा किया। 9/11 के बाद पाकिस्तान ने तालिबानी नेताओं को पाकिस्तान में अपने संरक्षण में यह कहकर रखा कि वह उन्हें अमेरिका से बचाना चाहता है। पाकिस्तान ने उनके जरिये अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना पर हमले कराए और अमेरिकी दबाव पड़ने पर कई तालिबान नेताओं को डालरों के बदले अमेरिका के हवाले कर दिया, जहां उन्हें वर्षों तक ग्वांतानामो बे जेल में अमानवीय यातनाएं झेलनी पड़ीं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# कांदिवली पूर्व के गोकुल नगर में 27 साल के कारोबारी ने किया सुसाइड...

## लोन रिकवरी एजेंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई:** लोन वसूली करने वाले एजेंट के उत्पीड़न से परेशान होकर कांदिवली के एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। मुंबई पुलिस के मुताबिक यूपी के प्रतापगढ़ का सूरज अमृतलाल जायसवाल ने कमर्शियल गाड़ी के लिए फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था। आर्थिक तंगी की वजह से वह समय से किस्त जमा नहीं कर सका। आरोप है कि कंपनी के एजेंट विजय ओहाल ने उसे परेशान करना शुरू किया। तंग आकर सूरज ने कांदिवली ईस्ट के गोकुल नगर में अपने घर पर आत्महत्या कर ली। कुरार पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के मूल निवासी सूरज अमृतलाल जायसवाल ने कांदिवली पूर्व के गोकुल नगर में अपने घर पर आत्महत्या कर ली। कुरारा पुलिस ने कमर्शियल वाहन के लोन की किस्तों को लेकर जायसवाल



पर दबाव था। आरोप है कि संबंधित लोन रिकवरी एजेंट विजय ओहल ने परेशान किया था। पुलिस ने पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने यह मामला सूरज के बड़े भाई सुनील जायसवाल की शिकायत पद दर्ज किया है। सुनील ने पुलिस को बताया है कि सूरज ने उनके भाई ने तीन कमर्शियल वाहन ऋण पर लिए थे। आर्थिक संकट के कारण, जायसवाल मासिक किस्त का भुगतान करने में असमर्थ था और ओहाल ने कथित तौर पर पिछले साल नवंबर में उसे बार-बार फोन किया और उसे परेशान किया।

सुनील ने पुलिस को बताया है कि इस मामले में गारंटर होने के नाते ओहाल ने भी मुझे फोन किया और अपने भाई से बात करने के लिए कहा। सुनील ने कहा, चूंकि बाद में जयसवाल दूसरी किस्त का भुगतान करने में चूक गया, ओहाल ने उसे फिर से फोन करना शुरू कर दिया। ओहाल ने मुझे बताया कि मेरा भाई उसकी कॉल नहीं उठा रहा है। मैंने ओहाल को बताया कि मेरा भाई ऋण की किस्तें चुकाने में असमर्थ है; इसलिए, वित्त कंपनी वाहन को जब्त कर सकती है। 31 दिसंबर को ओहाल ने गाड़ी के दस्तावेज ले लिए। मन में सुसाइड का ख्याल आए तो मनोचिकित्सक से बात करके आप अपनी समस्या का हल खोज सकते हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 14416 है, जहां आप 247 संपर्क कर सकते हैं।

## मुंबई : ड्रग्स सिंडिकेट का पदार्फाश, कई दिनों से थी पुलिस को आरोपी की तलाश...



**मुंबई :** साकीनाका पुलिस ने एक ड्रग्स डीलर को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरफ्तार आरोपी ड्रग्स की तस्करी करता था, पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। । पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई दिनों तक उसकी जानकारी हांसिल की और फिर जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले कि अधिक जांच जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अप्पू बिहारी मंडल है। वह एक बड़े आपराधिक नेटवर्क के जरिये काम करता है, जिसका नेतृत्व न्यूटन सैमुअल जोशुआ करता है।

माना जाता है कि आरोपी शहर के विभिन्न हिस्सों में नशीले पदार्थों को वितरित करने में एक प्रमुख व्यक्ति था और यह कार्रवाई ड्रग सिंडिकेट में एक महतवपूर्ण कार्रवाई मानी जा रही है। इससे एमडी ड्रग्स के सप्लाई सप्लाई में भी कमी आ सकती है। गिरफ्तारी के दौरान, आरोपी के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में एमडी, एक शक्तिशाली और अवैध उत्तेजक पदार्थ जब्त किया है। यह सफल ऑपरेशन क्षेत्र में अवैध पदार्थों के प्रसार से निपटने और नशीली ड्रग्स से संबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से साकीनाका पुलिस ने की है। एक जानकारी के मुताबिक पुलिस संबंधित मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किन किन लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था, जिसमें बड़े ड्रग्स तस्करों के नाम भी आ सकता है। पुलिस उन आरोपियों की भी तलाश कर रही है, जिनका नाम इस ड्रग्स सिंडिकेट में सामने आया है।

## बड़ी बहन से ज्यादा प्यार ; महिला ने अपनी मां की कर दी हत्या




**मुंबई :** मुंबई से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ रही है. यहां के कुर्ला इलाके में एक महिला ने अपनी ही बुजुर्ग मां को मौत के घाट उतार दिया. हत्या के पीछे का जो मंशा सामने आई है वह भी हैरान करने वाली है. दरअसल, आरोपी महिला को ऐसा लगता था कि उसकी मां अपनी बड़ी बेटी से ज्यादा प्यार करती हैं और उससे नहीं. इस बात से नाराज होकर उसने अपनी मां की ही हत्या कर दी. मुंबई में कुर्ला के कुरैशी नगर इलाके में रह रही एक महिला ने अपनी बुजुर्ग मां की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी क्योंकि उसे लगता था कि उसकी मां उसकी बड़ी बहन से प्यार करती थी. हत्या करने वाली 41 वर्षीय आरोपी बेटी का नाम रेशमा मुजफ्फर काजी है. मृतक मां की उम्र 62 साल थी, जिसका नाम सबीरा बानो अजगर शेख था.

मृतक महिला अपने बेटे के साथ मुंब्रा में रहती थी, लेकिन गुरुवार (2 जनवरी) की रात वह अपनी बेटी से मिलने कुर्ला के कुरैशी नगर आई थीं. तभी आरोपी रेशमा अपनी मां से झगड़ने लगी, उसका मानना था कि उसकी मां उसकी बड़ी बहन से ज्यादा प्यार करती है और उससे नफरत. झगड़ा इतना बढ़ गया कि बेटी ने घर के किचन से चाकू लिया और उससे अपनी मां की हत्या कर दी. इस हत्या को अंजाम देने के बाद वह सीधे चूनाभट्टी पुलिस स्टेशन पहुंची और पुलिस को बताया कि उसने अपनी मां की हत्या कर दी है.

## मुंबई की बिगड़ती हवा पर पंकजा मुंडे ने बुलाई बैठक

**मुंबई :** महाराष्ट्र की पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे ने मुंबई की खराब होती वायु गुणवत्ता (एयर क्वालिटी) पर चर्चा के लिए गुरुवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। 1 जनवरी को मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक 175 था, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। हालांकि, 2 जनवरी को इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 153 पर पहुंच गया। फिर भी, यह 'संवेदनशील समूहों के लिए अस्वस्थ' श्रेणी में बना हुआ है। खासतौर पर पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कणों का स्तर चिंता का कारण है।

मामले में पंकजा मुंडे ने कहा कि बड़े पैमाने पर हो रहे निर्माण कार्य, जैसे आवासीय प्रोजेक्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, मुंबई के बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। ठंड के मौसम में हवा में मौजूद सूक्ष्म कण ज्यादा देर तक टिके रहते हैं, जिससे प्रदूषण की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही मुंडे ने कहा कि अधिकारियों ने मुझे इस बारे में जानकारी दी है। हम इस समस्या को हल करने के लिए तुरंत एक योजना तैयार कर रहे हैं।

# मनपा की बंद हुई आपली चिकित्सा... गरीब मरीजों का हो रहा बुरा हाल




**मुंबई :** गरीब मरीजों को मुफ्त में खून की जांच आदि करने के लिए मनपा दवारा बड़े ही गाजे बाजे के साथ शुरूआत के बाद अब मरीजों का बुरा हाल हो रहा है, पिछले पंद्रह दिनों से बंद हुई खून आदि जांच अब और एक महीने नहीं शुरू हो पाएगी। जिससे गरीब मरीजों का बुरा हाल हो रहा है। बता दें कि गरीब और सामान्य लोगों की सुविधाओं के लिए शुरू किए गए 'हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना' अभियान में पिछले पंद्रह दिन से बंद पड़ी जांचें फिर से शुरू होने में अभी एक महीने का समय और लगेगा। इन जांचों के लिए अगले सप्ताह निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और सभी प्रक्रियाओं के पूरा होने में एक से डेढ़ महीने का समय लग सकता है। मनपा ने समय रहते नया ठेकेदार नहीं नियुक्त करने से मरीजों का बुरा हाल हो रहा है। मनपा की लापरवाही के चलते सैकड़ों गरीब मरीजों को कुछ और दिनों तक निजी प्रयोगशालाओं में जांच करवानी पड़ेगी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान सहना पड़ेगा।

# भिवंडी/ भोईवाडा में म्मामूली विवाद ने ली हिंसक करवट

**भिवंडी :** शहर के भोईवाडा इलाके में मामूली विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जब तीन भाइयों ने एक युवक पर ईंटों और लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना 1 जनवरी की आधी रात की है, जब लखन अंकुश जाधव ने अपने पड़ोसी पंकज पांडुरंग ढेले से कुछ पैसे उधार मांगे। इसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। तभी पंकज के दोनों भाई, लखन और विकी, वहां पहुंचे और तीनों ने मिलकर लखन जाधव पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में लखन जाधव को गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने गुस्से में आकर उसकी मोटरसाइकिल को भी बुरी तरह तोड़ दिया।

# बस वालों से परेशान डी मार्ट निवासी

**भायंदर :** भायंदर (पश्चिम) डी मार्ट रोड के रहवासी इन दिनों बस वालों से परेशान है। इस रोड पर बस वाले अवैध तरीके से बस पार्किंग करते हैं। इस रोड़ के दोनों तरह बस वाले रात के वक्त बस पार्किंग करते हैं, जिसके कारण सफाई कर्मियों को रोड की सफाई करने में परेशानी होती है। समाजसेवी छितरमल गुप्ता ने मनपा आयुक्त एवं यातायात विभाग में इसकी शिकायत की है। उनका कहना है कि मनपा के 1 नंबर प्रभाग कार्यालय से लेकर स्पेन हाइट्स परिसर तक यह बस वाले एवं निजी वाहन वाले अपने वाहन रात के समय खड़ी करते हैं। इन वाहनों के कारण सुबह के वक़्त मनपा सफाई कर्मियों को सफाई करने में काफी परेशानी होती हैं और इस रोड़ की पुरी तरह सफाई भी नहीं हो पाती है। पुरी तरह से सफाई ना होने के कारण यहां पर गंदगी फैली रहती हैं।

# एफडीए की मुंबई के 63 होटलों पर कार्रवाई

## होटलों के नमूने जांच के लिए भेजे गए...

## वर्ष समाप्ति की आखिरी संध्या पर की गई कार्रवाई!

*मुंबई : एफडीए मुंबई ने 31 दिसंबर 2024 के दिन मुंबई प्रभाग द्वारा होटल, रेस्टोरेंट, क्लब/कैंटीन निरीक्षण के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। जिसके तहत एफडीए ने 63 अस्थापनाओं पर कार्रवाई किया है। जहां से नमूने इकट्ठा कर जांच के लिए भेजे गए हैं। एफडीए से मिली जानकारी के मुताबिक नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया गया है।*



जिसके तहत एफडीए के अधिकारी ने बताया कि एक जनवरी से शुरू होने वाले नए साल की आखिरी संध्या 31 दिसंबर को बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इस दिन, नागरिक बड़ी संख्या में होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और कैंटीन में जाते हैं और भोजन का आनंद लेते हैं। जिससे होटलों आदि में भोजन की मांग भी बढ़ जाती है। भोजन की बढ़ती मांग की पृष्ठभूमि में, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और कैंटीन चलाने वाले खाद्य व्यवसाय संचालक खराब क्वालिटी वाले खाना तो नहीं परोस रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो उनपर संबंधित मामले में कार्रवाई की जाती है। 31 दिसंबर को जनता को शुद्ध, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य और औषधि प्रशासन, ग्रेटर मुंबई विभाग द्वारा 5 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सभी जगह निरीक्षण का कार्य ठाणे एफडीए वालों से भी मदद लेकर करवाया गया है।

इस अभियान के तहत मुंबई डिवीजन में जिन होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, कैंटीन प्रतिष्ठानों के कुल 63 लोगों पर कार्रवाई की गई है और विश्लेषण के लिए 08 प्रवर्तन खाद्य नमूने और 70 निगरानी खाद्य नमूने लिए गए। उक्त नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होते ही संबंधित अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। 63 में से, निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में 61 मामलों में सुधार करने की नोटिस भेजी गई है और एक मामले में लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। एक मामले में 30 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही, 01 मामले में 21,600 रुपए की एक्सपायरी बीयर का स्टॉक जब्त किया गया है।

# दो लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**नायगांव :** नायगांव और पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत की घटनाएं सामने आई हैं। इन हादसों के बाद पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक जनवरी की रात करीब 11:30 बजे विक्रांत गंगो पासवान (26), अपनी गाड़ी भिवाड़ी चिंचोटी रोड पर यात्रा कर रहे थे। जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, कामन के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में विक्रांत के सिर, चेहरे, दाहिने हाथ और छाती पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नायगांव पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसई फाटा स्थित खान कंपाउंड के निवासी, 7 वर्षीय आलीशान समीर कुरैशी, अपनी मां के साथ बाजार से घर लौट रहे थे।

# मुंबई : पुलिस स्थापना दिवस और नए साल के अवसर पर 85 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस...

**मुंबई :** दक्षिण मुंबई पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 85 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस सौंपे. यह पहल पुलिस स्थापना दिवस और नववर्ष 2025 के मौके पर आयोजित एक विशेष समारोह का हिस्सा थी. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फोन मालिकों ने उनके गुम हो जाने या चोरी हो जाने के बाद संबंधित थानों में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करवाई थी. इसके बाद पुलिस ने इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी नंबर के आधार पर इन मोबाइल फोनों को ट्रैक करने का काम शुरू किया. इस तकनीकी साधन की मदद से चोरी हुए मोबाइल फोनों का पता लगाना संभव हुआ.



जोन 2 के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया, ''हमने न केवल इन गुम हुए और चोरी किए गए मोबाइल फोनों को ट्रैक किया, बल्कि इस सिलसिले में 206 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया. यह कार्रवाई हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हम नागरिकों की संपत्ति और उनकी सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हैं.'' जब फोन मालिकों को उनके उपकरण वापस सौंपे गए, तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गई. कई मालिकों ने इस अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि वे अपने कीमती उपकरण कभी वापस पा सकेंगे. एक फोन मालिक ने कहा, ''मैंने अपना फोन खो जाने के बाद एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन मुझे विश्वास नहीं था कि यह कभी मिलेगा. पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं.'' पुलिस का कहना है कि यह कदम न केवल तकनीक के सही उपयोग का एक आदर्श उदाहरण है, बल्कि लोगों का पुलिस पर भरोसा बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा. इस तरह की पहल अपराध नियंत्रण और चोरी जैसी घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रेरणादायक है. पुलिस ने इस बात पर भी जोर दिया कि नागरिकों को अपने उपकरणों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और अगर कोई उपकरण चोरी हो जाए या गुम हो जाए, तो तुरंत एफआईआर दर्ज करानी चाहिए. यह अभियान दक्षिण मुंबई पुलिस की चुस्त और प्रभावी कार्यशैली को रेखांकित करता है, जो न केवल तकनीक का उपयोग करने में दक्ष है, बल्कि नागरिकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है.

# बेस्ट की खस्ता हालत देख कोई महाव्यवस्थापक बनने को तैयार नहीं



**मुंबई :** मुंबईकरों की जीवनरेखा माने जाने वाले 'बेस्ट' उपक्रम को आर्थिक संकट इतना गड़बड़ा गया है कि कोई बेस्ट का महाव्यवस्थापक बनने तैयार नहीं हो रहा है। महाव्यवस्थापक के रूप में नियुक्त किए गए आईएएस अधिकारी हर्षदीप कांबले पदभार ग्रहण करने से पहले ही खुद का तबादला करा लिया। जबकि इसके पहले अभी चार दिन पूर्व ही पूर्व महाव्यवस्थापक अनिल डिग्गिकर के स्थान पर कांबले की नियुक्ति हुई थी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कुर्ला में हुई बेस्ट बस दुर्घटना के बाद पूर्व महाव्यवस्थापक अनिल डिग्गिकर खुद ही बेस्ट में नहीं रहना चाहते थे, उन्हें हटाकर उनकी जगह पर हर्षदीप कांबले को महाव्यवस्थापक पद दिया था। कुर्ला की घटना की जांच रिपोर्ट आकर पड़ी है उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है जबकि रिपोर्ट भी सामने नहीं आ पा रही है। इसके कारण पिछले आठ से दस दिनों से 'बेस्ट' का कामकाज महाव्यवस्थापक के बिना कारभार चल रहा है, जिससे बेस्ट का काम काज अस्तव्यस्त हो गया है। इससे आर्थिक संकट से जूझ रहे 'बेस्ट' की जिम्मेदारी कौन उठाएगा, इस पर सवाल उठने लगे हैं। कुर्ला में हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई और इसके बाद तीन और हादसों में भी तीन लोग मारे गए। जिससे 'बेस्ट' को आलोचना का सामना करना पड़ा। इसी कारण से राज्य सरकार ने आठ दिन पहले हर्षदीप कांबलेको महाव्यवस्थापक के रूप में नियुक्त किया था।

# घोडबंदर रोड का ट्रैफिक कम करने के लिए ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट का काम शुरू

**मुंबई:** एमएमआर में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की घोडबंदर रोड पर नई टनल तैयार करने के प्रोजेक्ट को रफ्तार मिली है। गायमुख से फाउंटन होटल तक टनल तैयार करने के प्रोजेक्ट के लिए पांच कंपनियों ने रुचि दिखाई है। घोडबंदर रोड से वाहनों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पिछले साल 5.5 किमी लंबे नए मार्ग बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया। गायमुख से फाउंटन होटल के बीच तैयार होने वाला मार्ग पहाड़ और संजय नैशनल गांधी पार्क के करीब से गुजरने के कारण 5.5 किमी लंबे मार्ग में से 3.5 किमी का



मार्ग अंडर ग्राउंड और 2.2 किमी के लिए अप्रोच रोड तैयार की जाएगी।

**एमएमआरडीए द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी**

घोडबंदर रोड की ट्रैफिक की समस्या हल करने के लिए बनने वाले प्रोजेक्ट के लिए एलऐंडटी, मेघा इंजिनियरिंग, नवयुवा इंजिनियरिंग, अफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और ऋत्विक प्रोजेक्ट्स ने रुचि दिखाई है। आगामी सप्ताह में एमएमआरडीए द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एमएमआरडीए ने 2025 के मध्य तक प्रोजेक्ट शुरू होने की उम्मीद जताई है। वहीं, घोडबंदर रोड का ट्रैफिक कम करने के लिए ठाणे-बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट का काम शुरू हो चुका है।

ठाणे और गुजरात की तरफ से मुंबई उपनगर की तरफ जाने वाली गाड़ियों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने का प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत गायमुख से भाईंदर के बीच 15.5 किमी लंबा नया मार्ग तैयार होना है। इस प्रोजेक्ट को दो पार्ट में विभाजित किया गया है। पहले फेज में गायमुख से फाउंटन होटल के बीच 5.5 किमी लंबा मार्ग होगा। दूसरे प्रोजेक्ट के तहत फाउंटन होटल से भाईंदर के बीच 10 किमी लंबा ऐलिवेटेड रोड होगा। ऐलिवेटेड रोड मौजूदा हाइवे के ऊपर होगा। ऐलिवेटेड रोड 4 लेन और टनल के भीतर 3 लेन होगी। इस पूरे प्रोजेक्ट के निर्माण पर करीब 20,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# मुंबई : 1.65 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन, मेफेड्रोन और कोडीन की बोतलें जब्त !



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने कुल मिलाकर 1.65 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन, मेफेड्रोन और कोडीन की बोतलें जब्त की हैं। मामले में दो नाइजीरियाई नागरिकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई नए साल की पूर्व संध्या पर एएनसी की घाटकोपर और वर्ली इकाइयों ने की। पहले मामले में, संजीव सरकार (40) को कुर्ला पूर्व से 1.18 करोड़ रुपये मूल्य की 396 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा गया। दूसरी घटना में, नयूम शेख (28) को गोवंडी से 900 बोतल कोडीन के साथ पकड़ा गया। इनकी कीमत 4.5 लाख रुपये है। तीसरे मामले में, एक महिला सहित दो नाइजीरियाई नागरिकों को 42.50 लाख रुपये मूल्य के 170 ग्राम मेफेड्रोन के साथ पकड़ा गया।

# वसई के एक कंपनी में नाबालिग लड़की से दो दिन तक दुष्कर्म...

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**वसई :** वसई के सातीवली में एक कंपनी में काम करने वाली 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कंपनी के मालिक द्वारा लगातार दो दिनों तक बलात्कार किए जाने का खुलासा हुआ है। घटना 31 दिसंबर और 1 जनवरी को कंपनी के कार्यालय और छत पर हुई। इस संबंध में वालीव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच यूनिट 2 की टीम ने गिरफ्तार कर वालीव पुलिस के हवाले कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता 16 साल की है और वसई ईस्ट के सातीवली में एक ऑफसेट प्रिंटिंग कंपनी में काम करती है। 31 दिसंबर को कंपनी के मालिक प्रदीप प्रजापति (50) ने पीड़िता को बताया कि उसके खिलाफ शिकायत आई है। उसने समझौते का कारण बताते हुए उसे कार्यालय बुलाया और दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कार्यालय में ही उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना से पीड़ित लड़की बहुत डर गई, लेकिन अगले दिन यानी एक जनवरी को वह काम पर आई। शाम को जब सभी कर्मचारी घर चले गए तो प्रजापति ने उसे यह कहकर रोक लिया कि बड़े सेठ उससे मिलना चाहते हैं। इसके बाद वह उसे कंपनी की छत पर ले गया और फिर से उसके साथ बलात्कार किया। अंत में पीड़िता ने वालीव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# मनपा इंजीनियरों के साथ लापरवाह ठेकेदारों पर हुई कार्रवाई !

## 91 इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस...

**मुंबई :** सड़क के सीमेंट कंक्रीट कामों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और इंजीनियरो पर मनपा ने कठोर कार्रवाई करने की शुरूआत कर दी है। मनपा प्रशासन ने ठेकेदारों पर लापरवाही बरतने के मामले में जहां एक करोड़ 68 लाख का जुमार्ना लगाया है, वहीं अपने इंजीनियरों पर भी कार्रवाई करते हुए 92 इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। मनपा के इंजिनियर पर जिम्मेदारी थी की चल रहे कामों पर वह निगरानी रखें। मनपा ने थर्ड पार्टी जिसको इन कामों पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई थी उसे भी 1 करोड़ 68 लाख का दंड लगाया है। बता दें



कि पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए मुंबई की सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निणर्य लिया था, जिसके तहत लगभग 750 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका पिछले दो सालों में दिया। इन कामों के दौरान सड़क पर अभी सड़क पूरी तरह बनी भी नहीं की उनमे दरार पड़ने लगी है। जिसको लेकर मनपा प्रशासन ने ठेकेदारों और अपने इंजीनियरों पर कठोर कार्रवाई करने का कदम उठाया है। मनपा द्वारा इस कार्रवाई को विपक्षी नेताओं ने जुमार्ने को नगण्य बताया है। उनका कहना है कि ठेका 12 हजार करोड़ का है, जिसकी तुलना में देखे तो दंड कुछ भी नहीं है। मनपा ने अपनी कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि यह जुमार्ना टेंडर की शर्तों के अनुसार लगाया गया है। मनपा एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ठेकेदार पर उस सड़क के दोषपूर्ण हिस्से की निर्माण लागत से दो गुना जुमार्ना लगाया गया है।

# ठाणे मनपा क्षेत्र से हटाए गए अवैध होर्डिंग्स... पोस्टर्स



**ठाणे :** ठाणे मनपा क्षेत्र में दिसंबर 2024 के महीने में 3,891 अवैध होडिंग्स, पोस्टर्स और बैनर हटाए गए हैं। साथ ही, 76 मामलों में शिकायत दर्ज की गई है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अवैध होर्डिंग्स हटाने के लिए लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मनपा के अतिक्रमण विभाग और प्रभाग समितियों के माध्यम से यह कार्रवाई की गई। उपायुक्त (अतिक्रमण) शंकर पाटोले ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक आयुक्तों के नेतृत्व में नियमित रूप से की जा रही है। सभी प्रभागों में अवैध होर्डिंग्स हटाने का कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कहा कि मनपा क्षेत्र को बदसूरत होने से बचाने के लिए और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए अवैध होर्डिंग्स, पोस्टर्स और बैनर को तुरंत हटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध होर्डिंग्स लगाने पर तुरंत नोटिस जारी कर संबंधितों पर मामला दर्ज किया जाए।

# नवी मुंबई में डबल मर्डर केस... दो आरोपी पकड़े गए




**नवी मुंबई :** डबल मर्डर केस से सनसनी फैल गई है. यहां कामोठे इलाके में स्थित ड्रीम्स अपार्टमेंट में इस मामले में दो आरोपी पकड़े गए हैं. मृतकों की पहचान गीता जग्गी (70) और उनके बेटे जितेंद्र जग्गी (45) के रूप में हुई है. पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि जितेंद्र ने 31 दिसंबर की रात अपने घर पर शुभम महेंद्र नारायणी (19) और संज्योत मंगेश दोडके (19) को पार्टी के लिए बुलाया था. पार्टी के दौरान जितेंद्र ने दोनों युवकों पर समलैंगिक संबंध बनाने का दबाव डाला. इस बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ और बात मारपीट तक पहुंच गई. शुभम ने लोहे की रॉड से जितेंद्र के सिर पर हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद संज्योत मंहेश ने गीता जग्गी का गला काट दिया. हत्या के बाद दोनों ने घर से कीमती सामान चुरा लिया और भागने की कोशिश की. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी पहचान की और उन्हें उल्वे इलाके से गिरफ्तार कर लिया.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com